खेती के साथ पशुपालन, मछली और मुर्गी पालन अपनाना जरूरी : सी. आर. चौधरी

बीकानेर, (कासं)। राजस्थान किसान आयोग द्वारा जिला स्तरीय कृषक संवाद कार्यक्रम मंगलवार को राजस्थान पशु चिकित्सा एवं पशु विज्ञान विश्वविद्यालय सभागार में आयोजित किया गया। इससे पूर्व जिला स्तरीय अधिकारियों की समीक्षा बैठक विश्वविद्यालय के कौशल विकास केन्द्र में आयोजित हुई।

कृषक संवाद कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राज्य किसान आयोग के अध्यक्ष सी.आर. चौधरी थे। उन्होंने कहा कि किसानों की समस्याओं और आवश्यकताओं को जानने, सरकार द्वारा किए जा रहे प्रयासों की जानकारी देने तथा किसानों के फीडबैक के अनुसार भविष्य में किए जाने वाले कार्यों की जानकारी किसानों को उपलब्ध करवाने के उद्देश्य से आयोग द्वारा यह संवाद किए जा रहे हैं।

राजस्थान किसान आयोग के अध्यक्ष सी. आर. चौधरी ने वेटरनरी विश्वविद्यालय सभागार में कृषकों से संवाद किया।

- किसानों की समस्याओं और आवश्यकताओं को जानने, सरकार द्वारा किए जा रहे प्रयासों की जानकारी दी

अब तक 12-13 जिलों में यह संवाद हुए हैं। उन्होंने कहा कि संवाद के दौरान किसानों द्वारा प्राप्त प्रत्येक सुझाव पर गंभीरता से कार्य किया जायेगा। केन्द्र और राज्य की डबल इंजन सरकार कृषि और कृषक कल्याण के लिए पूर्णतया कृत संकल्प है। चौधरी ने कहा कि किसानों के लिए बिजली और सिंचाई पानी की उपलब्धता, फूड प्रोसेसिंग और विपणन के साथ उत्पादन का उचित मूल्य मिले, इसके लिए सरकार द्वारा सतत प्रयास किए जा रहे हैं। चौधरी ने कहा कि एक समय राजस्थान के धोरों पर सिर्फ मोठ, बाजरा और मूंग जैसी परम्परागत फसलें होती थी। आज किसानों के प्रयासों से मूंगफली और तिलहनी फसलें हो रही है। उन्होंने बीकानेर के कृषि परिदृश्य में मूंगफली उत्पादन की भूमिका को महत्वपूर्ण बताया। क्षेत्र में बढ़ रहे खजूर, अनार फल बगीचा क्षेत्रफल को भी आने वाले समय की मांग बताया। किसानों को उन्नत उद्यानिकी अपनाने के लिए प्रेरित किया। संरक्षित खेती कार्यक्रम के तहत पॉली हाउस को भी आज की आवश्यकता बताया।

किसान आयोग अध्यक्ष ने कहा कि आज के दौर में खेती के साथ पशुपालन, मछली पालन और मुर्गी पालन जैसे प्रकल्पों को अपनाना जरूरी है। इससे किसानों की आय बढ़ेगी। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री का स्वप्न है कि भारत, दुनियां का सबसे बड़ा खाद्यान्न, दूध एवं फल वितरक देश बनें। उन्होंने 'लोकल के लिए वोकल' बनने का आव्हान किया और कहा कि स्वदेशी उत्पादों का अपनाएं और स्वदेशी को प्रेरित करें, जिससे देश का और अधिक सशक्त बनाया जा सके।

बीकानेर पूर्व विधानसभा क्षेत्र विधायक सिद्धि कुमारी ने कहा कि किसान आयोग द्वारा किया गया नवाचार किसानों के लिए बेहद लाभदायक साबित होगा। श्रीडूंगरगढ़ विधायक ताराचंद सारस्वत ने कहा कि अन्नदाता समृद्ध होगा तो देश समृद्ध होगा। उन्होंने किसानों को खेती की नई तकनीकें अपनाने का आव्हान किया, जिससे उनकी आय में वृद्धि हो सके। जिला प्रमुख मोडाराम मेघवाल ने कहा कि भारत की अर्थव्यवस्था कृषि और इससे जुड़े उद्योगों पर टिकी है। किसानों को सशक्त और समर्थ बनाना आज की सबसे बड़ी जरूरत है।

श्याम पंचारिया ने कहा कि फूड प्रोसेसिंग और पैकेजिंग आज के दौर के महत्वपूर्ण घटक है। किसानों को इस ओर भी ध्यान देना होगा। सुमन छाजेड़ ने कहा कि कृषि वैज्ञानिक भी लगातार नए शोध करें, जिससे किसानों को खेती की नई तकनीकों से रूबरू करवाया जा सके। कृषि विभाग के संयुक्त निदेशक कैलाश चौधरी ने बताया कि संवाद में जिले के विभिन्न क्षेत्रों के 200 प्रगतिशील किसानों, पशुपालकों एवं अन्य प्रतिनिधियों ने शिरकत की। उन्होंने स्वागत उद्बोधन दिया तथा कार्यक्रम की रूपरेखा के बारे में बताया। अतिरिक्त निदेशक त्रिलोक कुमार जोशी ने विभाग की योजनाओं की जानकारी दी और आगंतुकों का आभार जताया।

इस अवसर पर अतिरिक्त जिला कलेक्टर (नगर) रमेश देव, राजुवास के प्रसार शिक्षा निदेशक डॉ. आर. के. धूड़िया ने भी विचार व्यक्त किए। इस दौरान संयुक्त निदेशक (उद्यान) दयाशंकर शर्मा, निदेशक (अनुसंधान) विजय कुमार, क्षेत्रीय अनुसंधान निदेशक डॉ एच. एल. देशवाल, संयुक्त निदेशक कृषि विपणन दयानंद सिंह, परियोजना निदेशक आत्मा मदनलाल, उपनिदेशक (उद्यान) रेणु वर्मा, कृषि अधिकारी रामनिवास गोदारा, ममता कुमारी, कविता गुप्ता, रमेश भाम्भू, धन्ना राम बेरड़ मौजूद थे।

मर्डर केस में 3 को आजीवन कारावास

बीकानेर, (कासं)। बांद्रा बास क्षेत्र में 5 साल पहले हुई हत्या के एक मामले में अदालत ने तीन आरोपियों को आजीवन कारावास की सजा सुनाई। इसके साथ ही तीनों पर पच्चीस-पच्चीस हजार रूपये का जुर्माना भी लगाया गया है।

फैसला बीकानेर की एससी/एसटी मामलों की विशेष अदालत ने सुनाया है। पांच साल पहले बांद्रा बास में परचून की दुकान पर बैठे जीतू की चाकूओं से गोदकर हत्या कर दी गई थी। बांद्रा बास निवासी परिवादी बुलाराम वाल्मीकि ने कोटगेट पुलिस थाने में 26 जून, 2020 को रिपोर्ट दी थी। इसमें बताया था कि उसका भतीजा जीतू सुबह 9-9.30 बजे परचून की दुकान पर बैठा था।

इस दौरान बांद्रा बास में वाल्मीकि बस्ती निवासी सराजुद्दीन, बबलू उर्फ अब्दुल रहमान और मोहम्मद इम्तियाज व अन्य हथियारों से लैस होकर आये और जीतू पर चाकू, तलवारों से गर्दन व पेट पर हमला कर दिया जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई।

कोर्ट ने इस मामले में सुनवाई के बाद तीनों आरोपियों को दोषी माना और प्रत्येक को आजीवन कारावास व 25,000 रूपए अर्थदंड की सजा सुनाई। अर्थदंड की राशि जमा नहीं कराने पर तीन माह का अतिरिक्त कारावास भुगतना होगा। अभियोजन पक्ष की ओर से कोर्ट में 18 गवाहों के बयान हुए। इस घटना के बाद बदमाश फरार हो गए थे। कोटगेट पुलिस ने कई दिनों की मशक्कत के बाद गिरफ्तार किया। दरअसल दोनों पक्षों में आपसी रंजिश थी।

सार-समाचार

आंगनबाड़ी कार्यकर्ता सम्मानित

बीकानेर में मुख्यमंत्री संग रक्षा बंधन कार्यक्रम के तहत आंगनबाड़ी कार्यकर्ता-सहायिकाओं को सम्मानित किया।

बीकानेर, (कासं)। जिला स्तर पर मुख्यमंत्री संग रक्षाबंधन के तहत आंगनबाड़ी बहन सम्मान कार्यक्रम का सीधा प्रसारण रविन्द्र रंगमंच पर आयोजित किया गया। जिला स्तरीय कार्यक्रम मां सरस्वती की आराधना और दीप प्रज्वलन के साथ शुरू हुआ। इस दौरान राज्य किसान आयोग के अध्यक्ष सी.आर. चौधरी, बीकानेर (पूर्व) विधायक सिद्धि कुमारी, जिला कलेक्टर नम्रता वृष्णि, जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी सोहन लाल, अतिरिक्त कलेक्टर नगर रमेश देव, श्याम पंचारिया, सुमन छाजेड़, किशन चौधरी, श्याम सिंह हाडला, जोगेन्द्र शर्मा, रघुवीर प्रजापत सहित बड़ी संख्या में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता और सहायिकाएं मौजूद रही। पोषण दिवस और विभागीय कार्यों के निर्वहन में उत्कृष्ट कार्य करने पर जिले की महिला आंगनबाड़ी कर्मियों को सम्मानित किया गया। सम्मानित होने वालों में बज्जू खालसा से कार्यकर्ता रक्षा, बीकानेर शहर से किरण देवी, नापासर से अंजना ओझा, तोलियासर से संतोष देवी जाट, 17 केवाईडी की लखविंदर कौर, कोलायत से रतन कंवर, लूणकरनसर से श्यामा पारीक, नोखा से संतोष बिश्नोई, पूगल से सुखजीत और पांचू सारूंडा से पूनम कंवर को प्रशस्ति पत्र प्रदान किए गए। वहीं सभी मौजूद कर्मियों को छाता और मिठाई भेंट की गई। महिला एवं बाल विकास विभाग के उपनिदेशक सुभाष बिश्नोई ने बताया कि जिला स्तरीय कार्यक्रम में मुख्यमंत्री द्वारा आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं एवं सहायिकाओं को विशेष सौगात दी गई। मुख्यमंत्री द्वारा रक्षा बंधन के अवसर पर जिले में नियोजित लगभग तीन हजार आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं एवं सहायिकाओं को 501 रूपए का हस्तांतरण संबंधित के बैंक खाते में किया गया। साथ ही जिले की समस्त मानदेय कर्मियों को उपहार स्वरूप छाता एवं मिठाई वितरित की गई।

शिव भक्तों का अभिनंदन किया

जंगलेश्वर महादेव मंदिर में शिव सावन पूजा महोत्सव के दौरान आश्रम की ओर से शिव भक्तों का अभिनंदन किया।

बीकानेर, (कासं)। श्री गंगानगर रोड़ कानासर फांटा संत भावनाथ आश्रम स्थित जंगलेश्वर महादेव मंदिर में चल रहे शिव सावन पूजा महोत्सव के दौरान आश्रम की ओर से शिव भक्तों एवं सेवादारों का अभिनंदन किया गया। आयोजन से जुड़े प्रहलाद ओझा ने बताया कि जंगलेश्वर महादेव मन्दिर में सामूहिक बड़ी पूजा के बाद शिव की सावन पूजा महोत्सव में सहयोग करने वाले सेवादारों व शिव भक्तों का सम्मान किया गया। रामधन राजपुरोहित, जगदीश राजपुरोहित, शंकर महाराज, मोहन राजपुरोहित, हिम्मताराम, महेन्द्र राजपुरोहित, हुणताराम यादव, श्रवण संतोक राजपुरोहित, विष्णु भाटी, सोहन महाराज उपाध्याय, मुरली जोशी, राजू सिंह,भंवर सिंह, करणी सिंह, भगवान पंचारिया, मांगीलाल डूडी, आनन्द राजपूत, एडवोकेट तुलछा शर्मा, माया मीणा, अलका, किसन गहलोत, संगीता, बजरंग राजपुरोहित तथा लक्ष्मी ओझा का सम्मान किया गया। आश्रम के अधिष्ठाता संत भावनाथ महाराज, रमक झमक अध्यक्ष प्रहलाद ओझा एवं समाजसेवी चांदरतन सांखला ने सम्मानितों को ओपरणा, माला व श्रीफल भेंट किया। इस अवसर पर सागर के शंकर महाराज को विशिष्ट सम्मान प्रदान किया गया। विशिष्ट सम्मान स्वरूप उन्हें साफा व रूद्राक्ष माला भी पहनाई गई तथा शिव शक्ति का चित्र भेंट किया गया। शंकर महाराज ने महादेव मन्दिर में इन्वेंटर तथा गौशाला में एक नया ट्रेक्टर भेंट किया। जिसकी पूजा कर गौशाला की परिक्रमा की गई।

गल्ले से 70 हजार लेकर चोर फरार

श्रीगंगानगर, (कासं)। सादुलशहर कस्बे में मंगलवार सुबह दिनदहाड़े चोरी की वारदात हुई। बाजार में स्थित परमानंद नरेश कुमार नामक किराना दुकान पर दो युवक ग्राहक बनकर पहुंचे। उन्होंने साबुन की पेटी दिखाने की बात कहकर दुकानदार को उलझाए रखा। इसी दौरान गल्ले में रखी करीब 70 हजार रूपए की नकदी पर हाथ साफ कर दिया। वारदात सुबह करीब सवा आठ बजे हुई। दोनों युवक बाइक पर आये थे और खुद को ग्राहक बताया। दुकानदार सुमेद कुमार जैसे ही भीतर जाकर साबुन की पेटी लाने गए। एक युवक ने मौका देखकर गल्ले से नोटों की गड्डी निकाल ली। इसके बाद दोनों युवक बाइक लेकर तेजी से मौके से फरार हो गए। घटना की सूचना मिलते ही सादुलशहर थाना प्रभारी सुमेर सिंह पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस ने दुकान के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली। फुटेज में आरोपी बाइक सवार दिखाई दिए हैं। पुलिस ने पूरे इलाके में नाकाबंदी करवा दी है। वारदात के बाद व्यापारियों में आक्रोश फैल गया। व्यापार मंडल से जुड़े व्यापारियों ने इस घटना की कड़ी निंदा की। विरोध स्वरूप उन्होंने अपने प्रतिष्ठान बंद रखने का निर्णय लिया। व्यापारियों ने प्रशासन से मांग की है कि जल्द से जल्द आरोपियों को गिरफ्तार किया जाए। थानाधिकारी सुमेर सिंह ने बताया कि सूचना के बाद से ही पुलिस ने अलग-अलग टीमें गठित की हैं। ये टीमें सीसीटीवी फुटेज खंगालकर दोनों बाइक सवारों के आने और जाने के रास्तों की जांच कर रही हैं। थानाधिकारी खुद भी पंजाब बॉर्डर के पास फरार होने के संभावित रास्तों पर टीम के साथ तैनात हैं।

कोटगेट-सांखला फाटक के पास बने 36 मकान-दुकान टूटेंगे

बीकानेर, (कासं)। दशकों पुरानी रेल फाटक समस्या को दूर करने के लिए राज्य सरकार ने कोटगेट और सांखला फाटक के आसपास बनी 36 दुकानों-मकानों को तोड़ने का निर्णय किया है। इसके लिए इनके मालिकों को अधिग्रहण का नोटिस जारी कर दिया गया है।

- कोटगेट-सांखला फाटक के लिए होगा अधिग्रहण, 60 दिन में होगी पूरी कार्रवाई
- दुकान-मकान मालिकों को नोटिस जारी किए

इस कार्रवाई को 60 दिन के भीतर पूरा किया जायेगा। इस दौरान कोई भी इस जमीन को खरीद या बेच नहीं सकेगा। सरकार ने इसके लिए बाकायदा गजट नोटिफिकेशन जारी किया है। दरअसल कोटगेट और सांखला फाटक के पास अंडरपास बनाने के लिए राज्य सरकार को दोनों ही जगह जमीन की जरूरत है। ऐसे में इन्हें तोड़ने के अलावा कोई विकल्प सरकार के पास नहीं है। इसी कारण कोटगेट फाटक के पास की 13 दुकानों और सांखला फाटक के पास 23 दुकानों का अधिग्रहण किया जा रहा है। ऐसे में कोटगेट के पास 124.52 वर्ग मीटर और सांखला फाटक के पास 184.21 वर्ग मीटर जमीन अधिग्रहित की जा रही है। कोटगेट अंडरपास के लिए नथमल एंड संस, ओमप्रकाश भगवती देवी, दीनमल दीपचंद प्रजापत, जमनादास पन्नालाल महावीर प्रसाद, पेंटर भोज, स्टोर ओम प्रकाश भगवंती देवी, ओसवाल ट्रेडर्स, वाइन शॉप, चांद देवी पत्नी गिरधारीलाल, जयभारत स्टोर राजेश कुमार, मसाला शॉप इंद्रजीत सोलंकी, गेस्ट हाउस चिरंजीलाल श्रीमाली ओर पानी की प्याऊ का हिस्सा अधिग्रहित किया जा रहा है।

ये सभी बिल्डिंग पूरी नहीं हटाई जायेगी, बल्कि इसका जरूरत वाला हिस्सा ही हटेगा। इसी तरह सांखला फाटक के पास अंडरपास बनाने के लिए काली माई होटल, शॉप सूर्य कश्यप पुत्र रमेश कुमार मेहरा, गुड्डू डिस्पोजल एंड केमिकल्स शाजिद खान, विनीत प्रोविजनल स्टोर ओमप्रकाश गहलोत की 2 दुकान, भाटी प्रोविजन स्टोर पीरुराम भाटी, राजेंद्र अग्रवाल का गेट, राजेंद्र अग्रवाल का ही साइकिल स्टैंड, डेयरी, डिस्पोजल शॉप, विशाल डिस्पोजल भंडार और अग्रवाल भवन, मनीष अग्रवाल के खंडाराम स्टोर और 4 बंद दुकानें, बी.एस. अग्रवाल और रतन रेडियो की दुकानों का हिस्सा भी हटेगा।

लूट का आरोपी गिरफ्तार

श्रीगंगानगर, (कासं)। पुलिस ने लूट के एक मामले में आरोपी को गिरफ्तार किया। पुलिस ने एक बाइक भी जब्त की है। आरोपी के खिलाफ पहले भी कई आपराधिक मामले दर्ज हैं।

एसपी डॉ. अमृता दुहन ने बताया कि 3 अगस्त 2025 को परिवादी प्रवीण कुमार (62) शनि मंदिर से अपने घर सेतिया फार्म बाइक से जा रहा था। मुखर्जी नगर के पास राणा और सूरज नामक दो युवकों ने उसे रोक लिया। दोनों ने प्रवीण कुमार को धमकी देकर 6400 रूपए और आधार कार्ड छीन लिया। आरोपियों ने धमकी दी कि अगर शोर मचाया तो जान से मार देंगे।

पुलिस थाना कोतवाली में मुकदमा नंबर 345/2025 दर्ज किया गया। जांच अधिकारी स्वर्ण सिंह के नेतृत्व में तकनीकी अनुसंधान और मुखबिर की सूचना के आधार पर आरोपी वार्ड नंबर 6, कब्रिस्तान के पास, शीतला मंदिर के निकट पुरानी आबादी श्रीगंगानगर निवासी सूरज पुत्र लक्ष्मी दास (28) को गिरफ्तार किया गया है।

महिला पुलिसकर्मियों के प्लॉट पर कब्जा

बीकानेर, (कासं)। उदासर में भूमाफियाओं ने महिला पुलिसकर्मियों के प्लॉट्स पर कब्जा कर लिया। खरीदशुदा जमीन दुबारा बेच दी। इस संबंध में महिला कांस्टेबल ने व्यास कॉलोनी पुलिस थाने में मुकदमा दर्ज कराया है।

- खरीदशुदा जमीन दुबारा बेच दी

पुलिस लाइन निवासी महिला कांस्टेबल अनीता जाट की ओर से व्यास कॉलोनी पुलिस थाने में दर्ज कराये गए मुकदमे में बताया गया है कि उसने ट्रायो इन्वेस्टमेंट कंपनी की ओर से उदासर गांव में ट्रायो नगर नाम से कॉलोनी विकसित की गई। अनिल पारीक कंपनी का निदेशक रहा है। उसने रजिस्टर्ड विक्रय पत्र के जरिये कॉलोनी में भूखंड काटकर बेच दिए। परिवादिया ने भी कॉलोनी में जरिये बयनामा चार प्लॉट खरीदे किए।

वर्ष 2009 में चारदीवारी, कमरा, पानी का कुंड आदि बनाकर मौके पर काबिज रही है। उसके अलावा 15-20 महिला कांस्टेबल व अन्य ने कॉलोनी में भूखंड खरीद किए जिसमें से कुछ बिजली-पानी कनेक्शन लेकर मकान बनाकर रह रहे हैं। अब अनिल पारीक ने हेमसिंह, रामेश्वर सिंह सहित भूमाफियाओं से मिलीभगत कर खाली पड़े भूखंडों पर अपने लोगों को बैठाकर कब्जा किया जा रहा है। मौके पर पहुंचने वाले मालिकों से झगड़ा कर भूखंडों को विवाद में डाल रहे हैं। परिवादिया के भूखंड पर वर्ष, 2013 में कब्जा करने का प्रयास किया तो प्रशासन ने 24 मई को कार्रवाई कर मालिकों को भूखंड पर स्थापित किया था। आरोप है कि 28 दिसम्बर, 22 को प्रबंध निदेशक ट्रायो इन्वेस्टमेंट कंपनी के नाम जमीन को दुबारा बयनामा रामेश्व सिंह को विक्रय की गई।

शहर की सड़कों के हालात बदतर

बीकानेर,(कासं)। शहर की सड़कों पर इन दिनों हालात इतने बदतर हो चुके हैं कि आमजन तो क्या, आपातकालीन सेवाएं भी सुरक्षित नहीं रहीं। शहर के व्यस्ततम मार्ग रानी बाजार चौराहे से ओवर ब्रिज जाने वाले रास्ते के जाम में एक 108 एम्बुलेंस घंटों फंसी रही। गड्ढों से भरी, खुदी हुई और टूटी-फूटी सड़कों पर वाहन रेंगते रहे और ट्रैफिक व्यवस्था पूरी तरह दम तोड़ती नजर आई।

- बड़े-बड़े गड्ढे, जलभराव और जगह-जगह टूटी फूटी एवं धंसी सड़कों से लोग परेशान

सीवरेज लाइन डालने के बाद शहर की कई सड़कों की खुदाई हुई लेकिन उनके पुनः निर्माण की जिम्मेदारी किसी ने नहीं ली। नतीजा- बड़े-बड़े गड्ढे, जलभराव और जगह-जगह धंसी सड़कें। इन हालातों में ट्रैफिक सुचारू हो ही नहीं सकता, लेकिन अफसोस की बात ये है कि ट्रैफिक विभाग केवल चालान काटने में मशगूल है। व्यवस्था सुधारने का किसी को कोई सरोकार नहीं है। एम्बुलेंस का जाम में फंसना केवल एक घटना नहीं यह सिस्टम की असफलता का जीवंत प्रमाण है। अस्पताल पहुंचने की हर सेकंड कीमती होती है, रास्ता न मिलना किसी की जान जोखिम में डाल देता है।

संत मोहनराम की बरसी मनाई

नोखा, (कासं)। सतगुरू मोहनराम महाराज की 32वीं बरसी धूमधाम से मनाई गई। इस अवसर पर विशाल भजन जागरण का आयोजन किया गया, जिसमें हजारों रामसनेही अनुयायी शामिल हुए।

कार्यक्रम में सीथल आचार्य क्षमा राम महाराज ने अपने उद्बोधन में कहा कि मनुष्य जीवन का एकमात्र लक्ष्य भगवत प्राप्ति है। संत माधव दास ने उपस्थित श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए कहा कि जीवन को सही ढंग से जीने के लिए शास्त्रों का आश्रय लेना चाहिए। विशाल शोभायात्रा निकाली गई। इस शोभायात्रा में सबसे आगे डीजे रथ था और उसके पीछे हजारों भक्त पैदल चल रहे थे। शोभायात्रा प्रमुख मार्गों से होते हुए सतगुरू मोहन राम महाराज की समाधि स्थल रानोराव तालाब तक पहुंची।

80 किमी प्रति घंटा से ज्यादा स्पीड पर होगा ई-चालान

बीकानेर,(कासं)। यहां श्रीगंगानगर से गुजरने वाले स्टेट हाईवे नंबर 3 पर 80 किमी प्रति घंटा से ज्यादा स्पीड पर चलने वाले फोर व्हीलर और भारी वाहनों का ई-चालान होगा। इसके लिए स्टेट हाईवे पर तीन जगह राडार कैमरे लगाये गए हैं जो 100 से 150 मीटर तक की दूरी पर स्पीड चैक करेंगे।

- राडार कैमरे से फोर व्हीलर और भारी वाहनों पर निगरानी

इंटेलीजेंट ट्रैफिक मैनेजमेंट सिस्टम के तहत स्टेट हाईवे नंबर 3 पर बीकानेर जिले के छतरगढ़ में केला फांटा और बदरासर तथा श्रीगंगानगर जिले के रायसिंहनगर से पदमपुर के बीच तीन जगह हाई रेज्युलेशन राडार कैमरे लगाये गए हैं। ये कैमरे राजमार्ग से गुजरने वाले फोर व्हीलर और भारी वाहनों की स्पीड चैक करेंगे। निर्धारित स्पीड 80 किमी प्रति घंटा से तेज वाहन चलाने वालों के घर बैठे ई-चालान पहुंचेगा। पुलिस, आरटीओ, राजस्थान स्टेट हाईवे डवलपमेंट ऑथोरिटी के अधिकारियों ने इन कैमरों की ट्रायल ली। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि वर्तमान में राजमार्ग 3 पर कैमरे लगाकर ई-चालान की व्यवस्था की गई है। बाद में अन्य राजमार्गों पर भी कैमरे लगाकर ई-चालान किए जायेंगे। बीकानेर और श्रीगंगानगर जिलों में राजमार्ग 3 पर जहां तीन कैमरे लगे हैं, वहां से गुजरने वाले प्रत्येक वाहन की स्पीड चैक होगी।

अगर वाहन की स्पीड 80 किमी प्रति घंटा से ज्यादा है तो कैमरे उसे डिटेक्ट कर लेंगे और सॉफ्टवेयर उसे शो करेगा। एनआईसी के स्पीड, वाहन, नंबर, समय सहित पूरा डेटा पुलिस मुख्यालय को लिंक किया जायेगा। वाहन ओवर स्पीड मिला तो जयपुर में पीएचक्यू से बीकानेर पुलिस को जानकारी मिलेगी और वाहन मालिक को मैसेज और ई-चालान भेजा जाएगा।

एसएचए के एईएन अखिल उस्ता ने बताया कि वर्ल्ड बैंक के प्रोजेक्ट में स्टेट हाईवे नंबर तीन को शामिल किया गया था।

शिवबाड़ी के गंगेश्वर पार्श्वनाथ मंदिर में पंच कल्याणक पूजा

बीकानेर, (कासं)। गणिवर्य मेहुल प्रभ सागर, म.सा.साध्वी दीपमाला आदि ठाणा शिवबाड़ी में गंगेश्वर पार्श्वनाथ मंदिर में दशम को शिवबाड़ी के गंगेश्वर पार्श्वनाथ मंदिर में भक्ति संगीत के साथ पंच कल्याणक पूजा, परमात्मा की सवारी निकली।

भक्ति संगीत के साथ हुई गंगेश्वर पार्श्वनाथ की पूजा व गाजे-बाजे से निकी सवारी में गणिवर्य मेहुल प्रभ सागर, मुनि मंथनप्रभ सागर व बालमुनि मीतप्रभ सागर, बीकानेर की साध्वीश्री दीपमाला, शंखनिधि, लालेश्वर महादेव मंदिर के अधिष्ठाता स्वामी विमर्शानंद गिरि तथा बड़ी संख्या में श्रावक-श्राविकाएं शामिल हुए। श्रावक-श्राविकाएं बीकानेर शहर, गंगाशहर, भीनासर, उदासर, उदयरामसर, नाल, लूणकरनसर, नोखा व देशनोक आदि स्थानों से पहुंचे थे।

शिवबाड़ी के गंगेश्वर पार्श्वनाथ मंदिर में भक्ति संगीत के साथ पंच कल्याणक पूजा के बाद परमात्मा की सवारी निकाली।

पंच कल्याणक पूजा में विचक्षण महिला मंडल, वरिष्ठ गायक सुनील पारख व अरिहंत नाहटा ने प्रभु भक्ति के गीत प्रस्तुत किए। गंगेश्वर पार्श्वनाथ मंदिर से गाजे- बाजे के साथ रवाना हुई परमात्मा की सवारी में शामिल गणिवर्य मेहुल प्रभ सागर, मुनि मंथन प्रभ सागर, बाल मुनि मीत प्रभ सागर तथा साध्वी दीपमाला व शंख निधि मंत्रजाप करते हुए चल रहे थे।

वहीं श्रावक-श्राविकाएं जयकारा लगा रहे थे। मंदिर से रवाना होकर सवारी शिवबाड़ी के तालाब तक पहुंचकर वापस गंतव्य स्थल पर पहुंची। शिवबाड़ी के लालेश्वर महादेव मंदिर के अधिष्ठाता स्वामी विमर्शानंद गिरि ने मठ की परम्परा अनुसार सवारी के नारियल व भेंट चढ़ाकर वंदना की।

सवारी की पूजा का लाभ वरिष्ठ श्राविका हुलासी देवी, जयकुमार, पुखराज, ललित, नरेन्द्र, वीरेन्द्र पुगलिया परिवार ने लिया।

वहीं आरती श्रावक महेन्द्र सांड परिवार के नेतृत्व में की गई। गंगेश्वर पार्श्वनाथ मंदिर में व्यवस्थाओं को बनाए रखने में वर्द्धमान तथा जैन नवयुवक मंडल ने अहम भूमिका निभाई। के कार्यकर्ताओं ने सेवाएं दी।

कार्यक्रम में श्री सुगनजी महाराज का उपासरा ट्रस्ट के मंत्री रतन लाल नाहटा, सदस्य हस्तीमल सेठी, मनोज सेठिया, कंवर लाल, आचार्य तुलसी शांति प्रतिष्ठान के अध्यक्ष गणेश बोथरा, सदस्य बसंत नवलखा, सुसवाणी माता मंदिर ट्रस्ट मोरखाना के उपाध्यक्ष महादेव सुराणा, चिंतामणि जैन मंदिर प्रन्यास के अध्यक्ष हरीश नाहटा, पूर्व अध्यक्ष निर्मल धारीवाल, उपाध्यक्ष महावीर डागा, कंपिल ट्रस्ट के पुखराज डागा, अखिल भारतीय खरतरगच्छ युवा परिषद के राष्ट्रीय सदस्य राजीव खजांची, के.यू.प् के बीकानेर इकाई अध्यक्ष अनिल सुराणा, मंत्री विक्रम भुगड़ी आदि जैन श्वेताम्बर खरतरगच्छ, पार्श्वचन्द्र गच्छ,तपागच्छ के सदस्य मौजूद थे।

- गाजे-बाजे से निकली परमात्मा की सवारी

औषधीय पौधों का रोपण किया

बीकानेर, (कासं)। स्वामी केशवानंद राजस्थान कृषि विश्वविद्यालय स्थित विद्येश्वर महादेव मंदिर परिसर शीघ्र ही धार्मिक और आध्यात्मिक महत्व के वृक्षों से अटा नजर आयेगा। परिसर में मंगलवार को अध्यात्मिक महत्व तथा औषधीय गुणों वाले पौधों का रोपण किया गया।

कुलगुरू डॉ. अरूण कुमार सहित अन्य विभागों के डीन व डायरेक्टर्स द्वारा यह पौधारोपण किया गया। इस दौरान कल्पवृक्ष, शमी, सीता अशोक, कदंब, मधुकामिनी, पाकर, अपराजिता, रूद्राक्ष, मदार (आक) जैसे धार्मिक महत्व के पौधे लगाये गए। अध्यात्मिक वन ब्लॉक की परिकल्पना एवं पौधों की व्यवस्था का कार्य डॉ. मनमीत कौर, इंजीनियर जे. के. गौड़ एवं डॉ. वाई. के. सिंह द्वारा किया गया। कुल गुरू डॉ अरूण कुमार ने बताया कि इन पौधों की वैज्ञानिक एवं सांस्कृतिक उपयोगिता को देखते हुए यह नवाचार किया गया है। इसका उद्देश्य नव पीढ़ी को पर्यावरण संरक्षण पक्ष से परिचित करवाने के लिए प्रेरित करना है।

कृषि व्यवसाय प्रबंधन संस्थान
(स्वामी केशवानन्द राजस्थान कृषि विश्वविद्यालय, बीकानेर)

क्रमांक :- एफ./स्टोर/2025/456 दिनांक :- 04/08/2025

नीलामी सूचना

सूचित किया जाता है कि कृषि व्यवसाय प्रबंधन संस्थान बीकानेर मे उपलब्ध अनुपयोगी सामग्री की सावजनिक नीलामी दिनांक 20.08.2025 को दोपहर 12.30 बजे की जायेगी। नीलामी की शर्तों की जानकारी विश्वविद्यालय वेबसाइट www.raubikaner.org पर उपलब्ध है।

राज.संवाद/सी/25/7539 निदेशक

राजस्थान सरकार, कार्यालय नगर विकास न्यास, श्रीगंगानगर (राज.)
Telefax No. 0154-2466652, Email :- SECYUIT.SGNR@RAJASTHAN.GOV.IN Off. Add:- UIT Office, Model Town, Sri Ganganagar (Raj.) 335001

क्रमांक :- नियमन/2025/4248 **सार्वजनिक आपत्ति सूचना** दिनांक : 22.7.2025

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्री वेदप्रकाश पुत्र श्री सावनदास निवासी हाऊस नं. 24 कर्मचारी कॉलोनी, यूआईटी रोड़, श्रीगंगानगर के द्वारा न्यास क्षेत्र में स्थित आवासीय भूखंड का न्यास रिकार्ड में नामान्तरण हेतु आवेदन किया गया है। उक्त भूखंड के सम्बन्ध में न्यास रिकार्ड एवं आवेदक के द्वारा प्रस्तुत दस्तावेज की स्थिति निम्नानुसार है :-

न्यास रिकार्ड के अनुसार भूखंड का विवरण		आवेदक के द्वारा भूखंड के नामांतरण हेतु प्रस्तुत दस्तावेजों का विवरण		
भूखण्ड का विवरण	मूल भूखण्डधारी	मृत्यु प्रमाण पत्र व विवरण	जायज वारिसों का विवरण	दस्तावेज का विवरण
चक 6 ई छोटी मुरब्बा नं. 33 के किला नं. 25 में भूखंड माप 281.25 वर्गगज भू.सं. ए-6-बी, श्रीगंगानगर	आवासीय नियमन एसडीएम पट्टा सं. 149 दि. 2.5.1985 को श्री लाल सिंह पुत्र श्री अवतार सिंह के नाम से जारी है। जो आज कि तिथि में दर्ज है।	श्री लाल सिंह की मृत्यु दिनांक 10.01.2020 को हो चुकी है।	1. जसविन्द्र कौर-पत्नी 2. राजदीप सिंह-पुत्र 3. रमनदीप कौर-पुत्री	श्री लाल सिंह की मृत्यु उपरांत इनके वारिसों द्वारा दिनांक 25.04.2025 को श्री वेदप्रकाश को पंजीकृत बैयनामें के आधार पर विक्रय किया गया। श्री वेदप्रकाश द्वारा दस्तावेजों की प्रति प्रस्तुत कर उक्त भूखंड का अपने नाम से नामांतरण हेतु न्यास में आवेदन प्रस्तुत किया है।

इस प्रकार उक्त भूखण्ड के सम्बन्ध में उपर्युक्तानुसार दस्तावेजों की प्रति इस कार्यालय में प्रस्तुत कर नामान्तरण चाहा गया है इस संबंध में श्री वेदप्रकाश पुत्र श्री सावनदास निवासी हाऊस नं. 24 कर्मचारी कॉलोनी, यूआईटी रोड़, श्रीगंगानगर द्वारा प्रस्तुत दस्तावेज के संबंध में कोई आपत्ति है तो सूचना के प्रकाशन के 07 दिवस में पुख्ता दस्तावेजों सहित अपनी आपत्ति/उजर दावा निम्न हस्ताक्षरकर्ता के समक्ष प्रस्तुत कर सकते है। उक्त अवधि के दौरान इस भूखण्ड से सम्बन्धित समस्त दस्तावेजों को आमखास हितबद्ध व्यक्ति के देखने व पढ़ने के लिये कार्यालय समय में खुला रखा गया है। बाद मियाद प्रकरण का निस्तारण कर दिया जायेगा एवं कोई आपत्ति/उजर स्वीकार नहीं होगा।

आवेदन संख्या :- SGNR/FY25-26/MUT/213 - सचिव, नगर विकास न्यास, श्रीगंगानगर